तापमान
अधिकतम 44.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# कोरबा भूमि

बिलासपुर, शनिवार 6 जुलाई 2024

दीपका | कटघोरा | छुरी | पाली | करतला | पोड़ीउपरोड़ा

4 पटवारी गए हड़ताल पर, प्रमाण पत्र के लिए छात्र लगा रहे चक्कर



## खबर संक्षेप

### संविदा पदों पर भर्ती हेतु पात्र-अपात्र सूची जारी

**कोरबा।** राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अंतर्गत जिले के स्वास्थ्य विभाग में रिक्त संविदा पदों की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। जिसके तहत पात्र-अपात्र अभ्यर्थियों की सूची जारी की गई है अभ्यर्थी वेबसाइट पर एवं सीएमएचओ कार्यालय के सूचना पटल पर प्रकाशित पात्र-अपात्र सूची का अवलोकन कर सकते हैं। पात्र-अपात्र सूची के संबंध में अभ्यर्थियों से दावा-आपत्ति आमंत्रित किया गया है। अभ्यर्थी 15 जुलाई शाम 5 बजे तक स्वयं उपस्थित होकर अथवा डाक/कोरियर के माध्यम से मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय में दावा-आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा। रिक्त पदों के अंतर्गत प्रोग्राम एसोसिएट-पीएचएन, एमओ नर्सिंग ऑफिसर-आईसीयू, नर्सिंग ऑफिसर-एनएमएचपी, फार्मासिस्ट, लेबोरेट्री टेक्निशियन्स (एनएचएम), लेबोरेट्री टेक्निषियन्स- डीपीएचएल, टीबीएचवी, एक्स-रे टेक्निशियन, ओटी सेक्रेटेरियल असिस्टेंट (एनयूएचएम), जूनियर सेक्रेटेरियल असिस्टेंट यूएचडब्ल्यूसी (15वां एफसी), क्लास 4 यूएचडब्ल्यूसी (15वां एफसी) शामिल हैं।

### हॉस्पिटैलिटी एवं होटल मैनेजमेंट प्रशिक्षण हेतु आवेदन 12 तक

**कोरबा।** अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति वर्ग के युवक/युवतियों के लिए हॉस्पिटैलिटी (गेस्ट शिप) एवं होटल मैनेजमेंट में प्रशिक्षण योजनांतर्गत प्रशिक्षण दिया जाएगा। सहायक आयुक्त आदिवासी विकास ने बताया कि वर्ष 2024-25 के लिये हॉस्पिटैलिटी (गेस्ट शिप) एवं होटल मैनेजमेंट में कैरियर बनाने की आकांक्षा रखने वाले प्रदेश के युवक-युवतियों से 12 जुलाई शाम 50 बजे तक पुनः आवेदन पत्र आमंत्रित किया गया है। उन्होंने बताया कि आवेदन पत्र का प्रारूप, नियम तथा शर्तें विभागीय वेबसाइट पर उपलब्ध हैं। आवेदन पत्र पंजीकृत डाक द्वारा या सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय में उपस्थित होकर जमा कर सकते हैं। निर्धारित तिथि एवं समय पश्चात प्राप्त आवेदन-पत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस प्रशिक्षण अंतर्गत कुल 100 अभ्यर्थियों को लाभान्वित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पूर्णकालिक होगा एवं प्रशिक्षण अवधि में अन्यत्र किसी नियमित पाठ्यक्रम व नौकरी व्यवसाय करने की अनुमति नहीं होगी। यह प्रशिक्षण आवासीय है, प्रशिक्षण का पूर्ण व्यय विभाग द्वारा वहन किया जाएगा। प्रशिक्षण में छात्रावास एवं मेस की सुविधा भी निःशुल्क होगी। प्रशिक्षण उपरांत संस्था द्वारा जॉब प्लेसमेंट की प्रक्रिया के माध्यम से जॉब भी उपलब्ध करायी जाएगी।

### संपूर्णता अभियान शुभारंभ समारोह आज

**कोरबा।** नीति आयोग अंतर्गत जिले में संपूर्णता अभियान शुभारंभ समारोह का आयोजन कोरबा कलेक्ट्रेट सभागार में 6 जुलाई को दोपहर 3 बजे वाणिज्य, उद्योग एवं श्रम मंत्री लखन लाल देवांगन के मुख्य आतिथ्य में किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कोरबा लोकसभा क्षेत्र की सांसद श्रीमती ज्योत्सना चरणदास महंत द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि के रूप में विधायक कटघोरा प्रेमचंद पटेल, विधायक पाली तानाखार तुलेश्वर सिंह मरकाम, विधायक रामपुर फूलसिंह राठिया, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती शिवकला छत्रपाल सिंह कंवर व महापौर राजकिशोर प्रसाद तथा सम्मिलित होंगे।

# सामान्य सभा में अनुमोदन के बाद भी नहीं हटाए गए पंचायत सचिव

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

लंबे समय से एक ही ग्राम पंचायत में पदस्थ पंचायत सचिव को हटाए जाने के लिए जिला पंचायत की सामान्य सभा में दो बार प्रस्ताव का अनुमोदन किए जाने के बाद भी हटाने की कार्यवाही नहीं होने पर कार्य के प्रभावित होने जैसी समस्या को लेकर जनपद सदस्य ने जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखते हुए पंचायत सचिवों की तबादले की मांग की है।

ग्राम पंचायतों में लंबे समय से पंचायत सचिवों के पदस्थ रहने से उनकी मनमानी और ग्रामीणों की परेशानी को देखते हुए जिला पंचायत की सामान्य सभा में दो बार पंचायत सचिवों के तबादले के एजेंडे पर चर्चा होने के बाद अनुमोदन किया गया और अनुमोदन का प्रस्ताव जिला प्रशासन के साथ राज्य शासन को भी भेजा गया। उसके बाजवूद पंचायत सचिवों को हटाने को लेकर कोई कार्यवाही नहीं की गई। हाल ही में पंचायत सचिवों के द्वारा की गई हड़ताल से ग्राम पंचायतों के कई आवश्यक कार्य प्रभावित हुए। ग्राम पंचायतों से बनाए जाने वाले जन्म प्रमाण पत्र नहीं बनने की शिकायतें जिला प्रशासन तक पहुंची थी। वहीं कुछ सरपंचों ने भी पंचायत सचिवों के तबादले की मांग उठाई थी। दो दिन पूर्व जनपद पंचायत कोरबा की जनपद सदस्य मोनिका अरविंद भगत ने जिला पंचायत सीईओ को पत्र लिखकर बीते तीन साल से एक ही पंचायत में जमें सचिवों को हटाने की मांग की है। पत्र में जनपद सदस्य ने आरोप लगाते हुए कहा है कि पंचायत चुनाव में सचिवों के द्वारा हस्तक्षेप कर सरपंच पद के लिए प्रत्याशी भी खड़े ⏭ शेष पेज 2 पर

### जनपद सदस्य ने जिला पंचायत सीईओ को कराया अवगत

**खास बातें**

- स्थानीय चुनाव को भी प्रभावित करने का लगाया आरोप
- शासकीय योजनाओं का भी काम होता है प्रभावित




### पूर्व सीईओ ने उठाए थे कदम

एक ही ग्राम पंचायतों में लंबे समय से पदस्थ पंचायत सचिवों को हटाने के लिए पूर्व जिला पंचायत सीईओ नूतन कंवर के द्वारा हटाने की कार्यवाही की गई थी, जिससे कुछ पंचायत सचिव प्रभावित हुए थे। सीईओ के इस कार्यवाही को लेकर राजनीतिक दबाव भी बनाया गया। जिसकी वजह से कार्यवाही रूक गई और नेतानुमा पंचायत सचिव अपनी पंचायत बचाने में सफल हो गए।

### चारों ग्रामीणो की मौत कुएं से निकल रही जहरीली गैस की संपर्क में आने से होने की संभावना

# पहले पिता कुएं में गिरा, बेटी उतरी बचाने, फिर दोनों को बचाने दो ग्रामीण और उतरे, चारों की मौत



वह कुंआ जहां हुआ हादसा।



घटना स्थल का मुआयना करती पुलिस।



गांव में लगी ग्रामीणों की भीड़।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा/कटघोरा

नगर पालिका कटघोरा के वार्ड क्रमांक 13 डिपरापारा जुराली में कुंए में गिरने से पिता पुत्री सहित चार लोगों की मौत हो गई है। संभावना जताई जा रही है कि चारों की मौत कुएं से निकल रही जहरीली गैस की चपेट में आने से हुई होगी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस व प्रशासन की टीम घटनास्थल पर पहुंची एवं चारों ग्रामीणों का शव कुएं से बाहर निकालकर पीएम पश्चात उनके परिजनों को सौंप दिया गया है।

जानकारी के अनुसार कटघोरा नगर के वार्ड क्रमांक 13 डिपरापारा जुराली निवासी जहरु पटेल पिता स्व. सोनूराम पटेल उम्र 60 वर्ष आज सुबह अपनी बाड़ी की साफ सफाई कर रहा था इस दौरान वह अचानक बाड़ी में स्थित कुआं के अंदर गिर गया। पिता के कुआं में गिरने की आवाज सुनकर समीप ही काम कर रही उसकी 16 वर्षीय पुत्री सपीना पटेल भी अपने पिता को बचाने के लिए कुएं में उतरी। जब कुछ देर तक जहरु और सपीना कुएं से बाहर नहीं निकले तो उनके पड़ोस में रहने वाले दो ग्रामीण शिवचरण पिता इतवार पटेल 45 वर्ष, मनबोध पिता स्व. तीरथराम पटेल 57 वर्ष भी उन्हें बचाने के लिए कुआं में उतर गए। काफी देर तक जब उक्त दोनों ग्रामीण भी कुएं से बाहर नहीं निकले तो वहां मौजूद जहरु पटेल के परिजनों व अन्य ग्रामीणों ने इसकी सूचना कटघोरा पुलिस को दी। सूचना मिलने पर कटघोरा के नगर निरीक्षक धरम नारायण तिवारी पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस घटना की सूचना मिलने पर कलेक्टर अजीत वसंत, जिला पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी भी पुलिस के अन्य अधिकारियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। इस दौरान एसडीआरएफ की टीम को भी वहां बुला लिया गया था। एसडीआरएफ की टीम ने रेस्क्यू कर कुएं में डूबे पिता पुत्री सहित दोनों ग्रामीणों का शव बाहर निकाला। ⏭ शेष पेज 2 पर



कुंए से एक एक शव को निकालते हुए।

### कटघोरा विधायक भी पहुंचे मौके पर



जुराली में कुआं में उतरे पिता पुत्री सहित कुल चार लोगों की मौत की खबर मिलते ही कटघोरा विधायक प्रेमचंद पटेल भी मौके पर पहुंचे और इस घटना को लेकर उन्होंने संवेदना व्यक्त की और प्रशासन के अफसरों के साथ मौके पर डटे रहे। उन्होंने एसडीआरएफ की टीम द्वारा कुआं से शव निकाले जाने के बाद परिजनों से मुलाकात कर उनका ढांढस बंधाया।

### सांस लेने में हो रही थी तकलीफ

कुएं में उतरे पिता पुत्री सहित चार ग्रामीण जब बाहर नहीं निकले तो सुनील पटेल पिता भागबली पटेल उम्र 32 वर्ष भी कुएं में यह देखने उतरा कि आखिर चारों गए कहां परंतु कुछ नीचे उतरने के बाद सुनील पटेल को कुआं के अंदर सांस लेने में तकलीफ होने लगी। घबराहट महसूस होने पर वह सीधे कुएं से बाहर आ गया। प्रत्यक्षदर्शी सुनील पटेल के अनुसार कुआं से किसी जहरीली गैस का रिसाव हो रहा था जिसकी चपेट में आने की वजह से पिता पुत्री सहित चार ग्रामीणों की मौत हुई होगी।

### कांटा फेंककर निकाला गया शव

बताया जाता है कि दोपहर 12 बजे के आसपास यह घटना घटी है। जिसके बाद प्रशासन और पुलिस के अफसर कोरबा व बिलासपुर से एसडीआरएफ टीम के साथ मौके पर पहुंचे। एसडीआरएफ की टीम ने मृतकों के शव को निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया कांटा और रस्सी के माध्यम से एक-एक शव को कुंए से बाहर निकाला गया। इस रेस्क्यू ऑपरेशन में लगभग 3 घंटे का वक्त लगा इस दौरान प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर ही जमे रहे। मौत की घटना जानकारी पुलिस मुख्यालय रायपुर को भी भेज दी गई है।

### 8 फीट के बाद नहीं मिला आक्सीजन

कुएं में चार लोगों के शव मिलने के मामले में पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी के निर्देश पर मामले की तहकीकात के लिए सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट से प्रभारी अधिकारी डॉ सत्यजीत सिंह कोसरिया, प्रधान आरक्षक हेमंत चौहान एवं आरक्षक राजेश कुमार चंद्रा घटनास्थल पहुंचे। घटनास्थल निरीक्षण किए कुएं कि गहराई 28 फीट पायी गई जहां जल स्तर जमीन से 6 फीट नीचे पायी गई। प्रयोग से ज्ञात हुआ कि कुएं में 8 फीट के बाद आक्सीजन नहीं पाया गया। उच्च ताप एवं उच्च दाब से मिथेन गैस बनता है आक्सीजन की कमी से ग्रामीण मुरक्षित हुए होंगे एवं मुरक्षित अवस्था में पानी में डूबने से संभवतः उनकी मौत हुई है। घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य एवं प्रदर्श संकलित करने एवं पीएम कराने के लिए भेजा गया है। हालांकि पीएम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा होगा।

### मृतक के परिजन को 9-9 लाख की सहायता राशि

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने घटना को लेकर गहरा दुख व्यक्त किया है तथा पीड़ित परिवारजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने प्रत्येक मृतक के परिवारजनों को 9-9 लाख रुपए की सहायता राशि देने के निर्देश भी अधिकारियों को दिये हैं। इसमें से 4-4 लाख रुपए आरबीसी 6-4 के अंतर्गत तथा मुख्यमंत्री की ओर से 5-5 लाख रुपए की सहायता राशि शामिल है।

### हाईस्कूल बरीडीह में किया गया संकुल स्तरीय पौधरोपण

**कोरबा।** ट्रीवाड्र्स फाउंडेशन के सहयोग से कुदुरमाल से लगे ग्राम बरीडीह स्थित शासकीय हाईस्कूल में बुधवार को वृहद स्तर पर पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम में संकुल के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। इस दौरान हाई स्कूल प्रांगण में विभिन्न प्रकार के 101 फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया गया। पौधरोपण करने के साथ शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने पौधों के संरक्षण का संकल्प लिया। जिले भर में 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में अपने एक बड़े लक्ष्य की ओर अग्रसर ट्रीवाड्र्स संस्था के सदस्यों द्वारा संस्था के संस्थापक आनंद गोयल के मार्गदर्शन में व्याख्याता वेदव्रत शर्मा के सहयोग से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन ग्राम बरीडीह स्थित शासकीय हाईस्कूल में किया गया। इस अवसर पर स्कूल के शिक्षकों व छात्र-छात्राओं ने फलदार व छायादार पौधों का रोपण किया। पौधारोपण कार्यक्रम में मुख्य रूप से सरपंच बरीडीह कृपाल सिंह कंवर, जनपद सदस्य नरेन्द्र पटेल, उपसरपंच बरीडीह बुधवारू कोशले, सचिव बरीडीह नवीता दुबे, सरपंच कटबितला रामाधार कंवर, योगेश दुबे, किशन कोसले, उपस्थित थे। प्राचार्य कुदुरमाल रामविलास डहरिया ने बच्चों को पौधों का हमारे जीवन में महत्व से अवगत कराया गया। कार्यक्रम में प्राचार्य बरीडीह ध्यानू सिंह कंवर, व्यायाम शिक्षक कुदुरमाल प्रशांत तिवारी, व्याख्याता प्रहलाद कौशिक, नरेन्द्र कुमार मार्वल, अखिलेश जैन, वेदव्रत शर्मा, प्रधान पाठक एनपी श्रीवास, शिक्षिका अंजना सरोजनी एक्का, कटबितला रूकमणी यादव, बलमदीना कुजूर, प्रधान पाठक प्राशा बरीडीह दिनेश देवांगन का बहुमूल्य योगदान रहा।



## जमीन खरीदी के नाम पर धोखाधड़ी, अपराध दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

दर्री थाना क्षेत्र अंतर्गत अगारखार निवासी अजय कुमार देवांगन 38 वर्ष पिता अगमलाल देवांगन ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह साडा कालोनी दर्री निवासी अखिलेश जायसवाल 59 वर्ष पिता जानकी लाल जायसवाल से 2 गवाहों के समक्ष कब्जा वाली मलवा जमीन अखिलेश जायसवाल से जमीन का सौदा 2 लाख रुपए में तय हुआ था जिसकी एडवांस राशि 30 हजार रुपए 20 जुलाई 2023 को अखिलेश जायसवाल को दिया था शेष राशि 1 लाख 70 हजार रुपए 23 अगस्त 2023 को अखिलेश जायसवाल को बैंक में चेक द्वारा दिया था। जिसके बाद उक्त भूमि पर अजय देवांगन काम चालू करने गया तो ओम प्रकाश शर्मा के द्वारा काम करने से विरोध किया गया तब अजय को पता चला कि वह कब्जे की जमीन ओम प्रकाश शर्मा की है। जिसके उपरांत अजय ने अखिलेश जायसवाल से इस बारे में बात की तो अखिलेश द्वारा 15 से 20 के अंदर रकम वापस करने की बात कही गई लेकिन अखिलेश द्वारा आज पर्यन्त अजय देवांगन की रकम वापस नहीं की गई है। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने अखिलेश के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर लिया है।

## आंगनबाड़ी केन्द्रों में पीडीएस चावल आपूर्ति में गड़बड़ी की जांच करेगी तीन सदस्यीय कमेटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों में पीडीएस दुकानों से चावल आपूर्ति में गड़बड़ी किए जाने और अधिकांश केन्द्रों में चावल के नहीं पहुंचने पर राशन दुकानों से चावल लेकर मध्यान्ह भोजन चलाए जाने के मामले को लेकर कलेक्टर ने हरिभूमि अखबार में प्रकाशित खबर को संज्ञान में लेकर तीन सदस्यीय जांच टीम गठित की है, जो तीन दिन में जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपेगी।

**खास बात**

- कलेक्टर ने खबर प्रकाशित होने पर लिया संज्ञान


मध्यान्ह भोजन चावल की आपूर्ति में भी गड़बड़ी, विभाग ने कराया अवगत

एक माह से नहीं पहुंच रहा आंगनबाड़ी केन्द्रों में रेडी टू ईट

हरिभूमि में प्रकाशित खबर का कतरन।

महिला बाल विकास विभाग द्वारा अपने 10 परियोजनाओं के अंतर्गत चलने वाले 2650 आंगनबाड़ी केन्द्रों में चलने वाले मध्यान्ह भोजन हेतु चावल के आबंटन के लिए खाद्य विभाग को प्रतिमाह चालव की मात्रा आपूर्ति हेतु भेजता है, जिसपर खाद्य विभाग नागरिक आपूर्ति निगम के द्वारा पीडीएस के दुकानों में भंडारण के कार्य को सुनिश्चित किया जाता है और वहां से चावल की आपूर्ति आंगनबाड़ी केन्द्रों में की जाती है और यहीं से आपूर्ति के मामले में गड़बड़ी होती है। बीते जून माह में चावल आपूर्ति के मामले में बड़े पैमाने पर गड़बड़ियां होने के कारण अधिकांश आंगनबाड़ी केन्द्रों में मध्यान्ह भोजन के लिए दिए जाने वाले चावल की आपूर्ति नहीं होने के कारण अधिकांश केन्द्रों में बच्चों को मध्यान्ह भोजन देने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सामने संकट खड़ा हो गया था। ⏭ शेष पेज 2 पर

## डीएव्ही स्कूल के प्राचार्य के खिलाफ धरने पर बैठा पार्षद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

डीएव्ही स्कूल दीपका प्रबंधन के प्राचार्य के खिलाफ स्कूल में एडमिशन देने में धांधली करने व सवाल पूछे जाने पर दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए दीपका के पार्षद अनुप यादव ने धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया।

उल्लेखनीय है कि एसईसीएल दीपका कॉलोनी क्षेत्र में डीएव्ही स्कूल का संचालन किया जाता है। शुक्रवार को डीएव्ही स्कूल प्रबंधन के खिलाफ नगर पालिका दीपका वार्ड नंबर 17 के पार्षद अनूप यादव ने मोर्चा खोल दिया है। पार्षद ने प्राचार्य पर मनमानी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए खुद के साथ बुरा बर्ताव करते हुए धरना प्रदर्शन शुरु कर दिया है। पार्षद का आरोप है, कि प्राचार्य द्वारा स्कूल में एडमिशन देने के मामले में भारी धांधली की जा रही है। उच्चतम अंक वाले छात्रों के स्थान पर न्यूनतम अंक वाले छात्रों को प्राथमिकता दी जा रही है। इतना ही नहीं सवाल पूछे जाने पर प्राचार्य के द्वारा बुरा बर्ताव किया गया और स्कूल से निकाल दिया गया।



अनूप यादव।

## खबर संक्षेप

### बिक्री की गई कोटवारी भूमि को रिकार्ड में अहस्तांतरित करने के निर्देश

**कोरबा।** कलेक्टर अजीत वसंत ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में राजस्व अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण में प्रगति लाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रकरणों के निराकरण में गंभीरता से प्रगति लाएं। आमजनता के प्रकरण का निराकरण होने से उन्हें संतोष मिलता है। इस हेतु लोगों को राहत पहुंचाने के लिए सभी अधिकारी व्यक्तिगत रूचि लेकर कार्य करें। बैठक में अपर कलेक्टर दिनेश नाग, अनुपम तिवारी, समस्त अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे। कलेक्टर ने अविवादित विवादित नामांतरण, सीमांकन, बटांकन, भू अर्जन, भू व्यवस्थापन सहित अन्य राजस्व प्रकरणों का तहसीलवार समीक्षा करते हुए कहा कि कोई भी प्रकरण अनावश्यक समय-सीमा से बाहर न हो सभी अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। साथ ही सभी प्रकरणों का ऑनलाईन एंट्री भी गंभीरता से करने की बात कही। इस हेतु उन्होंने सभी एसडीएम और तहसीलदारों को अपने कोर्ट में प्रकरणों की सुनवाई हेतु दिन निर्धारित करने कहा। कलेक्टर ने भू-अर्जन के मामलों में प्रभावितों को शीघ्र मुआवजा वितरण करने कहा। वृक्ष कटाई के प्रकरण के अंतर्गत उन्होंने राजस्व एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा सर्वे कराकर निराकृत करने की बात कही। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि सभी एसडीएम एवं तहसीलदारों के अनुविभागों में प्राकृतिक आपदा सहायता के प्रकरण के संबंध में संबंधित पटवारी स्वतः फील्ड में जाएं तथा मौका मुआयना करके प्रकरण तैयार करें। इसके साथ ही सभी आवश्यक दस्तावेज पूर्ण करके जिला कार्यालय भेजें। लोकसेवा गारंटी के अंतर्गत स्कूली बच्चों का अभियान चलाकर जाति प्रमाण पत्र बनाने में भी तेजी लाने के निर्देश दिए।

### स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार का आयोजन कल


**कोरबा।** चलो आयुर्वेद की ओर मिशन के तहत लायंस क्लब कोरबा एवरेस्ट एवं श्री शिव औषधालय के संयुक्त तत्वाधान में प्रतिमासानुसार इस माह में भी बच्चों में रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने के लिए बच्चे रहे स्वस्थ योजनान्तर्गत डॉ.नागेन्द्र नारायण शर्मा द्वारा श्री शिव औषधालय एमआई जी 20, आरपीनगर फेस 2 निहारिका में 7 जुलाई को अति शुभ रवि-पुष्य नक्षत्र में आयुर्वेदिक इम्यूनाईजेसन प्रोग्राम के तहत स्वर्ण बिन्दु प्राशन संस्कार कराया जायेगा। जिसमें जन्म से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चो को स्वर्ण बिन्दु प्राशन ड्रॉप्स पिलाकर आयुर्वेद पद्धति से टीकाकरण किया जाएगा। साथ ही बच्चों को मौसमी बीमारियों से बचाव के लिये उनकी इम्यूनिटी बढ़ाने हेतु हिमालया सेप्टीलीन गम्मीस स्वादिष्ट इम्यूनिटी वर्धक टेबलेट निशुल्क खिलाया जायेगा।

### सफाई कर्मियों के नियमित करने सीएम को ज्ञापन

**कोरबा।** गुरूवार को सीएम जनदर्शन में मुख्यमंत्री से मुलाकात भारतीय सफाई कर्मचारी महासंघ के प्रदेश उपाध्यक्ष सिकंदर उसरवर्षा ने मुख्यमंत्री से मुलाकात कर सफाई कर्मचारियों की सीधी भर्ती और विभिन्न विभाग के ठेका सफाई कर्मचारीयों की नियमित करण की मांग की। कोरबा नगर निगम में लगभाग 30 वर्षों से ठेका सफाई कर्मचारी अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन वे आज तक नियमित नहीं हुए और सीधी भर्ती भी लंबे समय से नहीं हुई है, जिसके कारण ये अपने परिवार का भरण पोषण सही से नहीं कर पा रहे हैं। उन्होंने सीएम से सफाई कर्मचारियों की समस्या को ध्यान रखते जल्द से जल्द ठेका सफाई कर्मचारियों को नियमित कारण एवं सीधी भर्ती की मांग की है।

## निधन

### उषा श्रीवास्तव



**कोरबा।** रामपुर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निवासी एवं बालको आदर्श हायर सेकेंडरी स्कूल की सेवानिवृत्त शिक्षिका श्रीमती उषा श्रीवास्तव पति स्व.केपी श्रीवास्तव उम्र 74 वर्ष का शुक्रवार की देर शाम उनके निवास स्थान में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ्य चल रही थीं। उनके निधन की खबर सुनते ही परिचितों में शोक व्याप्त हो गया। वे हरिभूमि के पत्रकार दुर्गेश श्रीवास्तव की माता थीं, उनका अंतिम संस्कार शनिवार को किया जाएगा।

### शकुंतला देवी अग्रवाल



**कटघोरा।** नगर के प्रतिष्ठित नागरिक शिवशंकर लाल अग्रवाल (अम्बिकापुर रोड कटघोरा) की माता श्रीमती शकुंतला देवी अग्रवाल पति स्व. राधेश्याम अग्रवाल 90 वर्ष का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 6 जुलाई की सुबह 10 बजे राधासागर स्थित मुक्तिधाम कटघोरा में किया जाएगा। वे अपने पीछे नाती पोतों सहित भरा पूरा परिवार शोकसंतप्त छोड़ गई हैं।

## धनरास और लोतलोता राखड़ बांध से प्रभावितों को उचित राहत दे प्रबंधन

# एनटीपीसी व अन्य उद्योग प्रबंधन लोगों के जीवन से खिलवाड़ करना बंद करें : ज्योत्सना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा



ज्योत्सना महंत।

सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत ने जिले में संचालित एनटीपीसी, सीएसईबी, बालको सहित अन्य उपक्रमों के द्वारा उत्सर्जित की जा रही फ्लाई ऐश (राख) का उचित निपटान नहीं किये जाने व इससे लोगों के जीवन और फसल पर उत्पन्न हो रहे संकट को गंभीरता से लिया है। सांसद ने कहा है कि उद्योग प्रबंधन लोगों के जीवन से खिलवाड़ करना बंद करे। जिला प्रशासन इस दिशा में संबंधित विभाग के अधिकारियों के माध्यम से सख्त कार्रवाई कराये।

सांसद ने कहा कि पूर्व में भी बैठकों में संयंत्रों की राख से आम जनता, किसानों को होने वाली परेशानी और इधर-उधर फेंकी जा रही राख से उत्पन्न समस्याओं पर कई निर्देश जारी किए जा चुके हैं किंतु ऐसा लगता है कि पर्यावरण संरक्षण के अधिकारी फील्ड पर जाकर काम नहीं करते, जिससे उन्हें राखड़ की भयावह होती समस्या के बारे में जानकारी तब मिलती है जब कोई घटना हो जाती है। संयंत्रों की राख कहां, कैसे और कब फेंकी जा रही है, इसके निस्तारण के मापदंडों का पालन हो रहा है या नहीं, इसकी निगरानी की जवाबदारी आखिर किसकी है? एनटीपीसी के धनरास स्थित राखड़ बांध से ग्राम छुरीखुर्द, लोतलोता, झोरा, गांगपुर, पुरेनाखार, चोरभट्ठी आदि के किसानों की लगभग 2 सौ एकड़ से अधिक जमीन की फसल को नुकसान होने की जानकारी मुझे मिली है। अभी हाल ही में एनटीपीसी ने अपने बांध को बचाने के लिए किसानों की लगभग 40 एकड़ फसल को बर्बाद कर दिया। पानी के साथ राखड़ भी बहाया गया है और इससे किसानों के फसल नष्ट होने के साथ उन्हें आर्थिक नुकसान हुआ है। एनटीपीसी की इस हरकत से जीवन पर भी संकट उत्पन्न हो सकता है। इसी प्रकार सीएसईबी कोरबा पश्चिम के ग्राम लोतलोता राखड़ बांध का भी तटबंध हाल ही में फूट जाने से फसलों के नुकसानों को क्षति पर भी गंभीरतापूर्वक कार्रवाई करने के निर्देश सांसद ने दिए हैं। सांसद ने कहा है कि जिले में संचालित संयंत्रों से उत्सर्जित राख और इसके निस्तार की समस्या काफी पुरानी है। जगह-जगह पर राख फेंकने वालों के विरुद्ध आज तक कोई पुलिस कार्रवाई मानव जीवन पर संकट उत्पन्न करने के मामले में नहीं हुई है। उन्होंने कहा है कि संबंधित प्रबंधन और ठेकेदार व जिम्मेदार कर्मियों के विरुद्ध प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारियों को एफआईआर दर्ज कराना चाहिए।

### सीएसईबी भी बीएसपी की तर्ज पर दे बसाहट, घरों से बेदखल करना ठीक नहीं

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत मंडल के कोरबा पूर्व स्थित वर्षों पुराने आवासीय कालोनी में रह रहे लोगों को ऐन बरसात के वक्त बेदखल करने के प्रयासो को सांसद ने अनुचित करार दिया है।
सांसद ज्योत्सना चरणदास महंत के संज्ञान में यह बात लाई गई है कि सीएसईबी कोरबा पूर्व के प्रबंधन द्वारा एसएफ टाईप कालोनी के लोगों को दो दिन पूर्व नोटिस जारी कर मकान खाली करने कहा गया है और उनका पानी-बिजली आपूर्ति बंद करने की बात कही गई है। सांसद ने कहा है कि सीएसईबी का कोरबा में स्थापित पहला विद्युत संयंत्र देश-प्रदेश को रौशन करता रहा और उसने कोरबा को एक पहचान दी है। इसकी कालोनी में रह रहे लोगों को ऐन बरसात के वक्त बेदखल करने का प्रयास निवासरत परिवारों के लिए मुसीबत से कम नहीं। सांसद ने कहा कि प्रदेश में सरकार बदलते ही रुख दिखाना शुरू हो गया है। कालोनी के आवासों में वर्षों से रह रहे लोगों के पास दूसरा कोई आशियाना नहीं है और ऐसे में जरूरत है कि कोई ठोस और स्थायी उपाय किये जाएं। सांसद ने कहा कि सरकार इन्हें बेदखल कराने की बजाय भिलाई स्टील प्लांट की तर्ज पर सीएसईबी की कालोनियों में स्थायी बसाहट देने की दिशा में काम क्यों नहीं करती? मौजूदा आवासों की मरम्मत कराया जाकर उसमें रह रहे लोगों से सुविधा के नाम पर शुल्क और एक निर्धारित किराया लेकर भी आवास की बड़ी समस्या से राहत देने के साथ-साथ आवश्यक सुधार व संधारण के लिए शुल्क भी प्राप्त किया जा सकता है। सांसद ने कहा कि सरकार की आवासीय योजनाओं का लाभ आज भी हजारों जरूरतमंदों को अप्राप्त है। ऐसे सैकड़ों परिवार सीएसईबी के आवासों में रहकर अपना गुजर-बसर कर रहे हैं, जिन्हें बेदखल करने की बजाय स्थायी समाधान देने की आवश्यकता है। सांसद ने कहा है कि फिलहाल बरसात के मौसम तक किसी भी तरह की बेदखली और बिजली, पानी की सुविधा बाधित करने जैसी कोई भी कार्रवाई न करें। इस संबंध में उन्होंने जिला प्रशासन से भी आवश्यक कदम उठाने की अपेक्षा जाहिर की है। सांसद ने यह भी कहा कि आवासीय परिसर को प्रभावित करने की वजह से कोरबा का व्यापार भी प्रभावित होगा इस बात का भी ध्यान शासन प्रशासन को रखना होगा।

# पंचायत सचिव की अनदेखी, दिव्यांग ग्रामीण को न घर मिला न शौचालय



झोपड़ी के सामने खड़ा दिव्यांग वृद्ध।

हरिभूमि न्यूज ⏭ चैतमा

शासन द्वारा दिव्यांगों के लिए चलाई जा रही योजनाओं का लाभ उन्हें नहीं मिल रहा है। शौचालय जैसी सुविधा के लिए दिव्यांग को पंचायत सचिव व रोजगार सहायक से गुहार लगानी पड़ रही है। उसके बावजूद उसे अनदेखी का सामना करना पड़ रहा है।

पाली विकासखंड के अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत कांजी पानी निवासी मनहरण दास मानिकपुरी जो चलने फिरने में असमर्थ होने के कारण पंचायत से कई बार अपने घर में शौचालय बनवाने की गुहार लगाया, किंतु किसी के द्वारा इस ओर ध्यान नहीं दिया गया। ग्राम पंचायत कांजी पानी में 430 शौचालय का निर्माण होना था, किंतु पंचायत द्वारा आधा अधूरा निर्माण करा कर छोड़ दिया गया। जब चलने फिरने में असमर्थ व्यक्ति द्वारा शौचालय निर्माण की मांग की जा रही है, तो पंचायत द्वारा इस और ध्यान नहीं दिया जा रहा है। मनहरण दास मानिकपुरी को रोजगार सहायक द्वारा बताया गया कि उनका प्रधानमंत्री आवास सूची में नाम है उसका फोटो भी खींच कर ले जाया गया था, किंतु आज दिनांक तक ना ही शौचालय बना है ना है उनका आवास। क्षेत्र में जिनको आवास मिलना चाहिए उनका नाम सूची में नहीं है, जिसके पास रहने के लिए मकान है उनके परिवार के दो दो तीन तीन सदस्यों के नाम से आवास स्वीकृति मिल गई है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन का ध्यान इस और आकृष्ट कराते हुए पात्र व्यक्ति को मिले आवास को रद्द करने तथा अपात्र व्यक्ति को आवास उपलब्ध कराने की मांग की।

# बालक और शिक्षक के सामंजस्य से होता है गांव और प्रदेश का विकासः नीलेश



कार्यक्रम में उपस्थित स्कूल के शिक्षक अभिभावक एवं छात्र।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय मदनपुर रजकम्मा के सभागार में नवप्रवेशी बच्चों का अभिनंदन जनपद सदस्य नीलेश यदु के मुख्य आतिथ्य, कृष्णा यदु भाजपा मंडल अध्यक्ष के विशिष्ट आतिथ्य एवम पूर्व सरपंच सत्यनारायण ध्रुव की उपस्थिति में धूमधाम से मनाया गया। तत्पश्चात माध्यमिक शाला की छात्राओं ने स्वागत नृत्य और स्कूल आने संबंधित प्रेरणा नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के उद्देश्य पर नोडल प्राचार्य पुष्पक साहूऔर सीएसी जीवन सिंह मरकाम ने प्रकाश डाला। विशिष्ट अतिथि कृष्णा यदु ने अपना जन्मदिन विद्यार्थियों के मध्य केक काटकर मनाया।

मुख्य अतिथि की आसंदी से नीलेश यदु ने माताओं से बच्चों को प्रतिदिन शाला भेजने को कहा। उन्होंने अपने विद्यार्थी जीवन को याद करते हुए पालक, बालक और शिक्षक के सामंजस्य को गांव, प्रदेश और देश के विकास के लिए आवश्यक बताया। अगले चरण में संकुल के प्राथमिक, फिर माध्यमिक और अंत मे हाईस्कूल के नवप्रवेशी बच्चों का रोली, तिलक, मिष्टान्न से स्वागत करते हुए यूनिफ़ॉर्म और किताब बांटा गया। साथ ही उनके हाथ का छाप लेकर इस पल को यादगार बनाया गया। कार्यक्रम का संचालन वरिष्ठ व्याख्याता विनोद जायसवाल ने किया। इस अवसर पर हेमलाल यदु, दुखीराम कश्यप, हिनछा राम कश्यप, कार्तिकराम कश्यप, सोनू अहीर, प्रभा लकरा, कुमुदिनी राम, कल्पना कुजुर, कमलेश्वरी साहू, कुश बघेल, योगिता चौहान, नीता खांडे, पुष्पा सागर, अनिल कँवर, पुष्पलता भार्गव, रविचंद्रा, संतोष वर्मा, अर्चना किंडो, कांति कुर्रे, त्रिशया शक्ति, प्रफुल्ला भगत, भुनेश्वर पटेल, कुमुदिनी चौबे, प्रेमबाई खांडे, हिरमन दास, राजेश बरिहा, जैतराम ध्रुव, पुष्पलता भार्गव, मनोरमा रात्रे, लोकेश्वरी वैष्णव, संतोष, रजनिशीनी, लक्ष्मी, छवि, बंधन धीरहे सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### बच्चों को मिला ड्रेस, किताबें और न्योता भोजन



शासकीय पूर्व माध्यमिक विद्यालय छुईहापारा, संकुल कटसीरा में शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया। प्रधान पाठक ब्रम्हा नंद राठौर के मार्गदर्शन में शाला प्रवेश उत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। नवप्रवेशी छात्र छात्राओं का पद चिन्ह लेकर कक्षा में प्रवेश दिया गया, फिर अतिथियों के द्वारा माँ सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। अतिथियों द्वारा नवप्रवेशी छात्रों को तिलक लगाकर, मिठाई खिलाकर, निःशुल्क पाठ्यपुस्तक एवं विद्यालय गणवेश का वितरण किया गया। ग्राम छुईहापारा के सेवानिवृत्त हुए एसईसीएल कर्मचारि वेदराम यादव फिटर के द्वारा आंशिक न्यौता भोजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सपरिवार पत्नी घसनीन बाई यादव, पुत्र दुखीराम, सुखीराम यादव, सूरज एवं द्रौपदी, प्रियांशु, परिधि, प्रशांत अमन सभी शामिल होकर केला, नासपाती, सभी बच्चों को मिठाई खिलाकर मुँह मीठा कराया गया। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष श्रीमती संतरा यादव, राजेश्वरी राठौर, अभिषेक कुर्रे, रजनी, चंद्रप्रभा अध्यक्ष, धर्मिन बाई, प्रेमलता, सतवंतिन, श्यामा यादव, अन्नपूर्णा मनहर, जमीला, मिथिला देवी कँवर, प्रिया कुर्रे, प्रीती एवं रजनी कुर्रे, आभा लदेर, आशा कश्यप एवं छात्र एवं छात्रा उपस्थित रहकर कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

### नव प्रवेशार्थी बच्चों का मन्त्रोच्चार कर शाला प्रवेश



कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मन्त्रोच्चारण के साथ बच्चों को तिलक चन्दन लगा कर हवन यज्ञ के साथ हुआ। गायत्री परिवार, अभिभावकगण, विद्यालय के बच्चों व शिक्षकों साथ मुख्य यजमान बन कर नव कुण्डीय हवन पूजन किया गया। मानव जीवन को परिष्कृत करने के लिये हमारे ऋषियों ने अनेक प्रयत्न किये हैं उन्होंने जन्म के पूर्व से लेकर मृत्यु पर्यन्त समग्र जीवन को वैज्ञानिक प्रक्रिया के साथ अविच्छिन्न रूप से समन्वित किया है। संस्कार मानव जीवन को परिष्कृत करने वाली एक आध्यात्मिक विधा है। संस्कारों से सम्पन्न होने वाला मानव सुसंस्कृत, चरित्रवान, सदाचारी और प्रभुपरायण हो सकता है अन्यथा कुसंस्कार जन्य चारित्रिक पतन ही मनुष्य और समाज को विनाश की ओर ले जाता है। वही संस्कार युक्त होने पर सबका लौकिक और पारलौकिक अभ्युदय सहज सिद्ध हो जाता है। बतौर मुख्य अतिथि बीडीसी मेंबर पूरनसिंह मंझवार ने कहा कि सुदूर वनांचल क्षेत्र में संस्था द्वारा संचालित सर्वसुविधायुक्त विद्यालय बच्चों के लिए सौभाग्य है। शिक्षा प्राप्त करने के पश्चात ही हम समाज में रहने लायक बन पाते हैं तथा एक सुशिक्षित समाज का निर्माण कर पाते हैं। एक समाज व देश को सुचारू रूप से चलाये रखने के लिए व्यक्ति का शिक्षा ग्रहण करना अति-आवश्यक होता हैं।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ हरदीबाजार



कार्यशाला में उपस्थित प्राध्यापक।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को व्यवहार में लाने के लिए छग शासन उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार राज्य स्तर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रेनर्स के द्वारा उच्च शिक्षा शिक्षण संस्थानों में कार्यशाला का आयोजन कर प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी क्रम में शासकीय ग्राम्य भारती महाविद्यालय हरदीबाजार में गुरूवार को शासकीय महाविद्यालय पाली के रसायन शास्त्र के सहायक प्राध्यापक सुनील कंवर ने एक दिवसीय कार्यशाला में महाविद्यालय प्राचार्य, सहायक प्राध्यापक एवं अधिकारी-कर्मचारियों को नई शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत नवाचारिक तरीकों का परिचय दिया। उन्होंने प्रोजेक्टर के माध्यम से विभिन्न शैक्षिक योजनाओं, पाठ्यक्रमों और शिक्षा सामग्रियों के उपयोग एवं वर्तमान परिवर्तन के बारे में अद्यतन जानकारी दी, जिससे वे अपने शिक्षण स्तर को इस ओर निरूपित कर सकें। प्रभारी प्राचार्य अखिलेश पांडे ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि नई शिक्षा नीति को विशेष तौर पर विविधताओं और नवीन अनुसंधान पर केन्द्रीयकृत रखा गया है। वहीं स्नातक स्तरीय शिक्षा सेमेस्टर प्रणाली पर आधारित होगी और यदि कोई विद्यार्थी किसी कारण वश अपनी पढ़ाई बीच में ही छोड़ देता है, तब भी उसकी मेहनत व्यर्थ नहीं जाएगी। इस ओर, एक वर्ष में मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र, दो वर्ष में डिप्लोमा, तीन वर्ष में डिग्री सहित चौथे वर्ष ऑनर्स डिग्री या ऑनर्स विथ रिसर्च की डिग्री भी प्रदाय करने के प्रावधान भी किए गए हैं। इसके अलावे, प्रशिक्षण के दौरान मूल्यांकन पद्धति में किए गए कई बड़े बदलावों के बारे में भी जानकारी प्रदान की गई।

## पृष्ठ 1 का शेष

### सामान्य सभा में...

किए जाते हैं। इसके लिए राज्य शासन द्वारा चलाई जाने वाली हितग्राही मूलक योजनाओं में भी लेट लतीफी की जा रही है। जनपद सदस्य ने पंचायत सचिवों की वजह से ग्राम पंचायत में शासन के विकास कार्य के प्रभावित होने की भी शिकायत की है।

### पहले पिता कुएं...

पुलिस ने चारों ग्रामीणों के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सौंप दिया है। बताया जा रहा है कि चारों मृतक आपस में रिश्तेदार हैं। संभावना यह भी जताई जा रही है कि चारों ग्रामीणों की मौत कुएं से निकल रही जहरीली गैस की चपेट में आने से हुई होगी। बहरहाल इसका खुलासा ग्रामीणों की पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही होगा। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर अपनी विवेचना शुरु कर दी है।

### आंगनबाड़ी केंद्रों में...

कुछ केन्द्रों के कार्यकर्ताओं ने आसपास के राशन दुकान से चावल खरीदकर मध्यान्ह भोजन का संचालन कराया था। मामले की खबर अखबार में प्रकाशित होने के बाद कलेक्टर अजीत वसंत ने तीन सदस्यीय जांच टीम का गठन किया है जिसमें महिला बाल विकास के कार्यक्रम अधिकारी सहित जिला खाद्य अधिकारी एवं नागरिक आपूर्ति निगम के एमडी शामिल हैं, जो तीन दिन में अपनी जांच रिपोर्ट कलेक्टर को सौंपेंगे।











5 korba-pg3_Layout 1 7/5/2024 11:28 PM Page 1





## खबर संक्षेप



### एक पेड़ मां के नाम पर पौधा रोपण कार्यक्रम का हुआ आयोजित

**कोरबा।** आजादी के अमृतकाल में एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाकर आधिकाधिक पौधारोपण तथा उसका संरक्षण कर धरती माता को हरियाली से आच्छादित करना है इसी उद्देश्य को सामने रखकर अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय रासेयो प्रकोष्ठ के कार्यक्रम समन्वयक डॉ.मनोज सिन्हा तथा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रशांत बोपापुरकर के मार्गदर्शन तथा रासेयो जिला संगठक वायके तिवारी के नेतृत्व में रासेयो गोदग्राम भादा के हसदेव अमृत वाटिका में फ़लदार तथा पोषण से युक्त पौधों का रोपण स्वयंसेवकों द्वारा किया गया। वरिष्ठ स्वयंसेवक जयप्रकाश पटेल, वर्णीता सीमा बखला, इंदु सोनवानी, किशन यादव, धीरज यादव, आशीष यादव आदि ने काजू, आम, मूनगा के पौधों का रोपण कर पौधों के संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम के आयोजन में रासेयो कार्यक्रम अधिकारी जीएम उपाध्याय, श्रीमती प्रीति द्विवेदी, ग्राम के वरिष्ठ नागरिक नारायण यादव, फिरत राम यादव, बहोरन दास, मितानिन श्रीमती निशा यादव, कुमुदिनी यादव, सुनीता यादव आदि का सक्रिय योगदान रहा।

### ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाला फरार आरोपी गिरफ्तार

**कोरबा।** रजगामार चौकी पुलिस को वहां निवासरत अर्पित अग्रवाल द्वारा अपने साथियों के साथ ऑनलाइन सट्टा खिलाए जाने की सूचना मिली थी जिस पर पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए अम्बिकापुर गांधी चौक वसुंधरा सिटी जाकर पुलिस टीम द्वारा आदित्य सिंह चौहान, साहिल दास पिता चद्रिका दास, सुनील सिंह पिता मंगल सिंह, अमन जायसवाल पिता विजेद्र जायसावाल, विवेक सिंह पिता प्रदीप सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया था किंतु अर्पित अग्रवाल फरार चल रहा था जिसे भी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

### सबमर्सिबल पंप की चोरी, जुर्म दर्ज

**कोरबा।** हरदीबाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रलिया निवासी बनवारी लाल लहरे पिता स्व0 धजाराम लहरे उम्र 45 वर्ष हाईस्कूल रलिया में प्रभारी प्राचार्य के पद पर कार्यरत है। जो कि रलिया नवापारा जाने वाले रोड किनारे स्थित नये घर का निर्माण करा रहा है कि निर्माणीधीन मकान में लगा पुरानी इस्तेमाली एक सबमर्सिबल पंप 1 एचपी, 15 स्टेज, पैनल एवं कैबल लगाया था जो 29 जून की सुबह 7 बजे जाकर देखा तो निर्माणाधीन मकान में लगा एक सबमर्सिबल पंप 1 एचपी, 15 स्टेज, पैनल एवं कैबल नहीं था जिसे किसी अज्ञात चोर द्वारा चोरी कर लिया है। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर उसकी खोजबीन शुरु कर दी है।

### फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार

**कोरबा।** कुसमुण्डा थाना प्रभारी को रूपक शर्मा को मुखबीर से सूचना मिली कि कुसमुण्डा के निगरानी बदमाश शहजादा उर्फ राजू पिता वाज खान उम्र 27 वर्ष चिल्हाटी हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी चौकी मोपका थाना सरकण्डा जिला बिलासपुर में अपना नाम जावेद खान उर्फ राजू बदलकर रह रहा था जो थाना कुसमुण्डा के दो अलग अलग मामलों में आर्म्स एक्ट व चोरी के प्रकरण में स्थाई वारंट माननीय न्यायालय कटघोरा से जारी हुआ है जो विगत 7 वर्षों से फरार चल रहा था। साथ ही उक्त वारंटी का थाना हरदीबाजार में 1 स्थाई वारंट, थाना दर्री में 1 स्थाई वारंट व थाना उरगा में 1 स्थाई वारंट होना पाया गया है। जिसे गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

### नाले में नहाने गई महिला की मौत

**कोरबा।** बालको थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम टापरा निवासी बुधराम राठिया की पत्नी धरम कुंवर 47 वर्ष सुबह अपने घर से आंगनबाड़ी केंद्र में खाना बनाने गई हुई थी। वहां से वापस लौटने के दौरान गांव के कुदारी नाला में नहाने चली गई। जहां नाले में गहरे पानी में डूब जाने से धरमकुंवर की मौत हो गई है। मामले में पुलिस ने वैधानिक कार्रवाई कर शव को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# पटवारी गए हड़ताल पर, प्रमाण पत्र के लिए छात्र लगा रहे चक्कर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

अलग खबर

स्कूल व कॉलेज खुलने के बाद प्रवेश के लिए छात्र-छात्राओं की भीड़ निवास प्रमाण पत्र के लिए तहसील कार्यालय का चक्कर काटने लगी है। गुरूवार से पटवारियों के अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाने से तहसील कार्यालय में छात्र व उनके अभिभावक सहित सीमांकन फौती बंटवारे के लिए आने वाले आम पक्षकार भटक रहे हैं।

पंचायत सचिवों की हड़ताल को समाप्त हुए महज दो दिन ही बीते थे कि राजस्व विभाग का मैदानी अमला पटवारी संघ अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर चले जाने से राजस्व से जुड़े सभी कार्य दो दिन से प्रभावित हो गए हैं। पटवारी संघ लगातार अपनी मांगों को लेकर शासन प्रशासन से पत्र व्यवहार करते हुए इसके लिए कई बार चरणबद्ध आंदोलन कर चुका है। उसके बावजूद उनकी मांगों पर गंभीरता नहीं बरती गई। यही कारण है कि संघ ने हड़ताल का रास्ता अख्तियार कर लिए हैं। पिछले दिनों सारंगढ़ में पटवारी को निलंबित किए जाने को लेकर पटवारी संघ का कहना है कि बिना जांच के निलंबन की कार्यवही अवैधानिक है। संघ ने अपनी मांग पत्र में निलंबित पटवारी को बहाल करने का उल्लेख किया है। उसके अलावा ऑनलाईन कार्य के दौरान आ रही तकनीकी दिक्ततों को भी दूर करने संबंधी मांग रखी है। ऑनलाईन रिकार्ड में सुधार करने के दौरान पटवारियों को आ रही समस्याओं पर मुश्किलें खड़ी हो रही है।

### स्कूल कालेज में प्रवेश के लिए निवास प्रमाण पत्र है अनिवार्य

**खास बातें**

- घंटाघर चौक में पटवारी संघ अपनी मांगों को लेकर बैठा धरने में
- राजस्व कार्य होने लगे प्रभावित



### तहसील में बैठे पक्षकार

तहसील कार्यालय में आने वाले पक्षकार पटवारियों के नहीं मिलने पर तहसील में ही बैठे रहे। वहीं जाति निवास जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज के लिए आने वाले आम पक्षकारों को बैरंग लौटना पड़ा। महाविद्यालयों में प्रवेश की सूची जारी होने के बाद छात्र अपने समस्त दस्तावेज को पूरा कराने में लगे हुए हैं। जिनमें जाति और निवास अनिवार्य रूप से शामिल है और ये दोनों दस्तावेज बिना पटवारी प्रतिवेदन के बनना मुश्किल है और जब तक पटवारी हड़ताल पर रहते हैं आम पक्षकारों के सीमांकन कार्य फौती बंटवारा और छात्रों के जाति निवास जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज का बनना मुश्किल है।

### पटवारियों की यह है मांग

ऑनलाईन कार्य के लिए कम्प्यूटर लैटपटॉप की सुविधा। नक्शा बटांकन के लिए पटवारी आईडी में आ रही तकनीकी दिक्कतों को दूर करना। जिला स्तर पर सहायक प्रोग्रामर की पदस्थापना। बैंक में बंधक खसरों का विलोपन करना। डिजिटल हस्ताक्षर शत प्रतिशत करने के लिए पहल करना। शासन द्वारा समस्त खाताधारों के ऑनलाईन रिकार्ड में आधार व मोबाइल नंबर आदेशित किया गया है, जबकि यह गोपनीय दस्तावेज आदि प्रमुख मांगे हैं।

## खदान ने 40 वर्षों तक कोयला जरुरतों को किया पूरा

# सिंघाली खदान के बाद अब बल्गी खदान से भी कोयला उत्पादन बंद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

कोल इंडिया की तत्कालीन सहयोगी कंपनी डब्ल्यूसीएल (वेस्टर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड) ने 90 के दशक में कोयला खनन के लिए बल्गी में प्रक्रिया शुरू की। वर्ष 1983 से बल्गी खदान से कोयला बाहर निकलना शुरू हुआ जो वर्ष 2024 तक जारी रहा। अब बलगी खदान में कोयला उत्खनन बंद कर दिया गया है। इसके पीछे वजह यह है कि पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय ने इन्वायरमेंट क्लीयरेंट (ईसी) की मांग की है। जबकि अब तक खदान को सीपीओ याने की कन्टेंट टू ऑपरेट के तहत संचालित किया जा रहा था।

40 वर्षों तक कोयले की जरूरत को पूरी करने के बाद एसईसीएल की बल्गी खदान बंद हो गई है। यहां काम करने वाले कामगारों को दूसरे खदानों में स्थानांतरित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। आने वाले दिनों में इस खदान के कामगारों को रजगामार, बगदेवा और ढेलवाडीह में स्थानांतरित किया जाएगा। भले ही खदान बंद हो रही है लेकिन कोरबा के विकास में इस माइंस के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा। दरअसल केंद्र सरकार ने नियमों में बदलाव किया है। जिसके बाद पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय से खदान संचालन के लिए ईसी की मांग की है। यहां बताना होगा कि बल्गी खदान को सीपीओ मोड पर संचालित किया जा रहा था, पर अब कोयला खदानें सीपीओ के आधार पर संचालित नहीं होंगी। इसके लिए ईसी लेना अनिवार्य कर दिया गया है। हालांकि कुछ दिनों पूर्व यह आदेश भी जारी किया गया था कि जिन खदानों में अब तक अपनी क्षमता तक दोहन नहीं किया है उन्हें संचालन की अनुमति दी जाएगी। बल्गी खदान में वर्ष 2007-08 में ही अपनी क्षमता को टच कर लिया था। ऐसे में खदान संचालन के लिए ईसी प्राप्त करने की प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। हालांकि एसईसीएल प्रबंधन यह भी देखेगा कि खदान में प्रति टन उत्पादन लागत की फायनेंसियल वायब्लेटी है कि नहीं। सूत्रों की मानें तो बल्गी खदान में प्रतिदिन उत्पादन लाभ वाली नहीं है। एसईसीएल में कई खदानें ऐसी हैं जहां एक टन कोयला उत्पादन की लागत 20 से 25 हजार रुपए तक होती है।



फाइल फोटो

### कर्मियों को किया जा रहा स्थानांतरित

बल्गी खदान में कोयला खनन बंद कर दिया गया है। पर्यावरण एवं जलवायु मंत्रालय नई दिल्ली ने कहा है कि खदान संचालन के लिए इन्वायरमेंट क्लीयरेंस चाहिए होगा। प्रबंधन द्वारा ईसी प्राप्त करने के लिए प्रक्रिया शुरु कर दी गई है। कर्मियों को अन्य खदानों में स्थानांतरित किया जा रहा है।

**- डॉ सनिश चंद्र,** पीआरओ एसईसीएल

### भिलाई में की जा रही थी कोयला आपूर्ति

बल्गी कोयला खदान भूमिगत खदान हैं और यहां लगभग 5 सौ मजदूर काम करते हैं। कंपनी ने यहां काम करने वाले अपने नियमित मजदूरों में से बेसिक मेन पावर को छोड़कर अन्य कर्मियों को दूसरे खदान में स्थानांतरित करने की योजना बनाई है। यहां से मजदूरों को धीरे-धीरे रजगामार, बगदेवा और ढेलवाडीह भेजा जाएगा। बल्गी के कोयले में कार्बन की मात्रा अधिक होने के कारण यहां से भिलाई स्थित स्टील प्लांट को कोयला आपूर्ति की योजना बनाई गई। इसके लिए दोनों कंपनियों के बीच एमओयू हुआ। बल्गी खदान के कोयले से लंबे समय तक भिलाई स्टाल प्लांट को इंधन की आपूर्ति की जाती रही।नए नियम के तहत बल्गी खदान को संचालित करने के लिए इन्वायरनमेंट क्लीयरेंस की जरूरत है। तब तक के लिए मैनपावर को दूसरे खदानों में अस्थाई तौर पर स्थानांतरित किया जा रहा है और खदान को बंद कर दिया गया है।

### सिंघाली में पहले से उत्पादन बंद

वहीं दूसरी ओर सिंघाली खदान को आचार संहिता समाप्त होने के बाद भी अब तक कोयला खनन के लिए छत्तीसगढ़ पर्यावरण प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड से सीटीओ का प्रमाण पत्र नहीं मिल सका है। खदान में लगभग 6 सौ कोल कर्मी कार्यरत हैं। उक्त कर्मचारी 8-8 घंटे की तीन शिफ्टों में खदान में काम करते हैं। जब से खदान में काम बंद है तब से प्रबंधन को इन कर्मियों को बिना काम के वेतन देना पड़ रहा है। रोजाना आर्थिक क्षति का सामना करना पड़ रहा है। इस स्थिति में कंपनी को दो-दो मोर्चों पर नुकसान उठाना पड़ रहा है। खदान के भीतर पंप चलाने या इलेक्ट्रिक जैसे अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए ही कंपनी काम करा पा रही है। 28 अप्रैल से इस खदान से कोयला उत्पादन बंद है। इससे कंपनी का स्थानीय प्रबंधन परेशान है। चाहकर भी मेन पावर का इस्तेमाल खनन के लिए नहीं कर पा रहा है। एसईसीएल की सिंघाली कोयला खदान से हर माह औसत 24 हजार टन कोयला उत्पादन होता है। प्रतिदिन औसत 600 से 700 टन कोयला निकलता है।

# भू अधिग्रहण कर योजनाबद्ध तरीके से किया जाए खदान विस्तार : मीणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

छत्तीसगढ़ प्रवास पर पहुंचे कोयला सचिव अमृत लाल मीणा द्वारा एसईसीएल की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा के क्षेत्रीय महाप्रबंधकों द्वारा पावरपॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से मेगाप्रोजेक्ट्स में उत्पादन-उत्पादकता, कोयला प्रेषण में फर्स्ट-माइल कनेक्टिविटी, खदान विस्तार, भूमि-अधिग्रहण, पर्यावरण आदि विभिन्न विषयों पर कोयला सचिव श्री मीणा को जानकारी दी गयी। आगामी योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया।

श्री मीणा ने एसईसीएल के मेगाप्रोजेक्ट्स गेवरा, दीपका एवं कुसमुंडा में पर्यावरणीय पहलुओं का ध्यान रखते हुए समयनुसार भू-अधिग्रहण कर योजनाबद्ध तरीके से खदान विस्तार योजना के क्रियान्वयन पर ज़ोर दिया। बैठक में श्री मीणा ने वीसी के माध्यम से जुड़ीं महाप्रबंधक, दक्षिण पूर्व मध्य रेल्वे सुश्री नीनु इटियेरा से कोयला प्रेषण एवं रेल रैकों की उपलब्धता को लेकर भी चर्चा की।बैठक में सीईआरएल, सीईडब्लूआरएल टीम से चर्चा करते हुए मीणा ने रेल कॉरिडोर परियोजनाओं की प्रगति की भी समीक्षा की। इसके साथ ही वन एवं पर्यावरण, योजना, परियोजना, विक्रय, विपणन, भू-राजस्व आदि से जुड़े विभिन्न विषयों पर भी चर्चा की गयी। बैठक में कोल इंडिया चेयरमैन पीएम प्रसाद तथा एसईसीएल शीर्ष प्रबंधन से सीएमडी डॉ प्रेम सागर मिश्रा, निदेशक तक. एसएन कापरी, निदेशक तकनीक एन फ्रैंकलिन जयकुमार एवं निदेशक (कार्मिक) बिरंची दास उपस्थित रहे।

**खास बात**

- कोयला सचिव अमृत लाल मीणा ने जिले के मेगा परियोजनाओं के जीएम को दिए निर्देश

### शाला प्रवेश उत्सव का हुआ आयोजन

**कोरबा।** संकुल सुमेधा में संकुल स्तरी शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें मुख्य अतिथि आशिष अग्रवाल एल्डर मेन एवं संदीप अग्रवाल सुमेधा के एसएमसी सदस्य पुरूषोत्तम प्रजापति एवं सुमेधा हाईस्कूल के प्राचार्य श्रीमती गीता साहू, संकुल समन्वयक अखिलेश कुमार साहू, व्यख्याता में भुखम सिंह आयाम, अश्वनी महिपाल, श्रीमती संध्या साहू, श्रीमती अनिता टोप्पो, प्रधान पाठक सुख सिंह सिदार, श्रीमति शैल यादव, संदीप प्रताप सिंह, सुनील कुमार धोटे, राकेश शिक्षक, अनंतराम साहू, विनोद जायसवाल, सहायक शिक्षक उतरा साहू, श्रीमती निर्मलेश सिदार, श्रीमती शारदा कंवर, श्रीमती नीमा तिवारी, श्रीमती श्रुति तिवारी, रतन सिंह, सावित्री देवी, गणमान्य नागरिक एवं पालकगण की उपस्थित में संकुल सुमेधा में धूमधाम से संकुल स्तरी शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया, जिसमें बच्चों को तिलक लगाकर मिठाई खिला कर एवं गणवेश और पुस्तक देकर उनका शाला प्रवेश उत्सव मनाया गया।

# बांकीमोंगरा नगर पालिका में दोगुनी रफ्तार से होगा विकास : लखनलाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के वार्डों में अब डबल रफ्तार से विकास होगा। बांकीमोंगरा अब विकास की नई इबारत लिखेगा। उक्त बातें उद्योग मंत्री लखनलाल देवांगन ने बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद की नवगठित संचालन समिति के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष समेत सभी सदस्यों से चर्चा के दौरान कही। बांकीमोंगरा नगर पालिका परिषद के नवगठित संचालन समिति के पदाधिकारी शुक्रवार को उद्योग और श्रम मंत्री श्री देवांगन से भेंट करने पहुंचे थे। इस दौरान मंत्री श्री देवांगन ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने बांकीमोंगरा को अलग तो कर दिया, लेकिन संचालन समिति का गठन नहीं किया। यही वजह है कि निकाय के पार्षदों को मानदेय तक नहीं मिल सका। विकास कार्यों के लिए पार्षद चक्कर लगाते रहे लेकिन अब फंड के लिए बांकीमोगरा की जनता को सोचने की जरूरत नहीं पड़ेगी। जितने भी विकास कार्य रुक चुके हैं, उन्हें अब स्वीकृति दिलाकर प्रारंभ करने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर पार्षद नरेंद्र देवांगन, भागवत विश्वकर्मा, लखन राठौर, अजय राठौर, ननकी, संतोष राठौर, बबलू डहरिया समेत अन्य उपस्थित रहे।



उद्योग मंत्री का स्वागत करते भाजपा कार्यकर्ता।

# डिवाइडर बना दुर्घटना की वजह, आए दिन होते हैं हादसे

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

कटघोरा में गौरव पथ पर बना डिवाडर लोगों के लिए दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है। कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक से बिलासपुर मार्ग पर बना डिवाडर इस समय दुर्घटना का सबसे बड़ा कारण बनता जा रहा है।

ज्ञात हो कि कटघोरा के शहीद वीर नारायण चौक से लेकर गोपाल पेट्रोल पंप तक गौरव पथ का निर्माण होना है लेकिन आज पर्यंत यह कार्य पूरा नहीं हुआ है। जितनी दूर गौरव पथ बना उतनी दूर डिवाइडर भी बनाया गया है। यह डिवाइडर इस समय लोगों की जान के लिए जोखिम भरा है। डिवाडर के एक तरफ स्लोप होने से अंधेरे में डिवाडर नहीं नज़र आता है जिसकी वजह से लोगों की चार पहिया वाहन डिवाडर पर चढ़ जाती है और दुर्घटना का शिकार होते हैं। शुक्रवार को डिवाडर पर एक मालवाहक वाहन के चढ़ने से वह अनियत्रित होकर पलट गई। इसके पूर्व भी कई घटनाएं हो चुकी हैं। कुछ दिन पूर्व ही रात्रि में कोरबा के व्यवसायी की इनोवा गाड़ी डिवाइडर के ऊपर चढ़ गई थी जिसकी वजह से उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा था। लगातार हो रहे हादसे के बावजूद न ही नगर प्रशासन और न ही प्रशासकीय अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। गौरव पथ के आधे अधूरे निर्माण को लेकर लोगों में काफी नाराजगी भी सामने आ रही है।



दुर्घटनाग्रस्त वाहन।

* **कोरबा।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के अंतर्गत अकलतरा-नैला सेक्शन में साइडिंग कनेक्टिविटी व ऑटो सिग्नलिंग का काम 12 से 16 जुलाई तक किया जाएगा। इस काम के कारण 11 से 17 जुलाई तक ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के नाम पर रेलवे ने एक बार फिर 32 ट्रेनों को रद्द कर दिया है। इसमें से 8 एक्सप्रेस और 13 पैसेंजर ट्रेनें शुरुआत से ही रद्द रहेंगी।

## विभाग ने बरसात में होने वाले रिसाव को लिया गंभीरता से

# बांगो बांध के स्पेशल व फाउंडेशन गैलरी में रिसाव, 3 करोड़ की लागत से होगी मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

प्रदेश के सबसे बड़े बांगो बांध के स्पेशल गैलरी व फाउंडेशन गैलरी में लगातार पानी का रिसाव हो रहा है। जो विभाग के लिए परेशानी का सबब बना हुआ है। इस रिसाव को रोकने के लिए विभाग ने तैयारी शुरू कर दी है और लगभग 2 करोड़ 89 लाख की लागत से पानी के रिसाव को रोकने के गैलरी की मरम्मत करने का फैसला लिया गया है जिसके लिए भी विभाग ने टेंडर की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। हालांकि यह बारिश का सीजन समाप्त होने के बाद ही होगा।

उल्लेखनीय है कि जिला मुख्यालय से लगभग 60 किलोमीटर दूर बांगो बांध स्थित है। इस बांध के पानी से ही प्रदेश के कोरबा, जांजगीर-चांपा, सक्ती जिले के संयंत्रों व किसानों को पानी दिया जाता है और इससे जल संसाधन विभाग हर वर्ष करोड़ों रुपए का लाभ भी अर्जित करता है। बांगो बांध में बने मेसेनरी बांध (एनओएफ) तथा कांक्रीट बांध (ओएफ) स्पेशल गैलरी व फाउंडेशन गैलरी में पानी का रिसाव हो रहा है। इस लीकेज को रोकने के लिए विभाग के अफसर ने प्रस्ताव बनाकर भेजा था जहां से मुख्यालय द्वारा प्रस्ताव की स्वीकृति दे दी गई है और जल संसाधन विभाग द्वारा इस मरम्मत कार्य को करने के लिए 2 करोड़ 89 लाख का टेंडर भी बुलाया गया है। जिसमें डायमंड ड्रिलींग एवं ग्राउंटिंग का कार्य व गैलरी अंतर्गत पोस ड्रैन को रिमिंग तथा सफाई कार्य कराया जाना है। इस टेंडर की प्रक्रिया पूरी होने के बाद बारिश का सीजन समाप्त होगा और इस लीकेज की मरम्मत कार्य करने के लिए विभाग द्वारा कार्य कराया जाएगा ताकि पानी के रिसाव को रोका जा सके।



फाइल फोटो

### धीरे-धीरे बढ़ रहा है वाटर लेवल

बांगो बांध के कैचमेंट इलाके में पिछले 5 दिनों से लगातार बारिश हो रही है जिससे बांध का जलस्तर अब धीरे-धीरे बढ़ने लगा है। विभाग के अधिकारियों के मुताबिक लगभग 10 सेंटीमीटर रोज पानी बढ़ रहा है। हालांकि हाइडल प्लांट को महज 3 घंटे ही संचालित किया जा रहा है। आने वाले दिनों में यदि और तेज बारिश होती है तो बांगो बांध में जलस्तर और भी तेजी से बढ़ेगा।

### 14 साल पहले हुई थी मरम्मत

जल संसाधन विभाग के अधिकारियों को मुताबिक बांध के निर्माण काल से लेकर अब तक यहां बने स्पेशल गैलरी व फाउंडेशन गैलरी की लीकेज की मरम्मत का कार्य 14 साल पहले वर्ष 2010 में हुआ था। जिसके बाद से अब तक गैलरी में मरम्मत का कार्य नहीं हुआ है। अब फिर से उसमें से पानी रिसाव शुरू हो गया है। जिससे विभाग का टेंशन बढ़ने लगा है। अब फिर से टेंडर की प्रक्रिया शुरू की गई है देखना होगा कि अब यह मरम्मत कार्य कब तक हो पाता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना

प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें

टी.पी. नगर बी. ब्लॉक कामर्शियल काम्पलेक्स, कोरबा मो. 7049267780